नवभारत

चुनौतियों के लिए रहें तैयार

IIM के दीक्षांत समारोह में एसएन सुब्रह्मण्यन ने कहा

■ नागपुर, व्यापार संवाददाता. हम तेजी से 'डिजिटल' दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं और यह हमारा भविष्य है. इस 'डिजिटल' दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें जो नये अवसरों के साथ आ रही है. यह कहना है लार्सन एंड टुब्रो के सीईओ और प्रबंध निदेशक एसएन सुब्रह्मण्यन का. वे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट नागपुर के चौथे, पांचवें और छठे बैच के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर आईआईएम नागपुर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष सीपी गुरनानी और निदेशक डॉ. भीमाराया मेत्री प्रमुख रूप से उपस्थित थे. इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कार और 424 डिग्रियां वितरित की गईं.

सामने आ रहे हैं अवसर और नई प्रतिभाएं, 424 छात्रों को डिग्रियां वितरित

■ सुब्रह्मण्यन ने कहा कि कोरोना महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे कई संकट एक के बाद एक दुनिया के सामने आए हैं जिससे सभी क्षेत्रों में काफी उथल-पुथल मची हुई है और बड़ी संख्या में समस्याएं पैदा हो गई हैं. हालांकि आउटसोर्सिंग, स्टार-अप आदि काफी नये उद्योगों के दरवाजे खुल गए हैं और इस वजह से अवसर और नई प्रतिभाएं सामने आ रही हैं. उन्होंने कहा कि छात्र अपने लक्ष्य को निर्धारित करें. किसी भी शॉर्टकट का उपयोग किए बिना इसे पाने के लिए कड़ी मेहनत करें.

■ गुरनानी ने कहा कि मैनेजमेंट के छात्रों के पास उद्योग, कॉर्पोरेट आदि के क्षेत्र में रोजगार के बहुत सारे अवसर हैं. जिद, कड़ी मेहनत, मजबूत इच्छा के आधार पर आप अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम होंगे. दीक्षांत समारोह में कुल 424 छात्रों को डिग्री प्रदान की गईं. इसके अलावा बेस्ट स्कोलास्टिक परफॉर्मन्स अवॉर्ड 2018-20 अंकिता जोशी तथा 2019-21 का अवॉर्ड इना गुप्ता को दिया गया.

■ बेस्ट ऑलराउंडर परफॉर्मन्स अवॉर्ड 2018-20 टी. भरत तथा 2019-21 का अवॉर्ड शेख फरीद अहमद को दिया गया. बेस्ट स्कोलास्टिक अचिवमेंट इंस्टीट्यूट अवॉर्ड डिम्पी खुराना और बेस्ट ऑलराउंडर परफॉर्मन्स इंस्टीट्यूट अवॉर्ड समृद्धि कोली को दिया गया. कैनरा बैंक पुरस्कृत पुरस्कार सौरभ भार्गव को और बैंक ऑफ बड़ोदा पुरस्कृत पुरस्कार चिन्मय मिश्रा, वैष्णवी अरकोट और प्रगति लोहानी को प्रदान किये गये.